SSLC PRE MODEL EVALUATION JANUARY 2023

HINDI

Time : 45 Minutes Total Score : 20

सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

"एक पैन स्याही भर दो ।" साहिल के पहले ही बेला ने दूकानवाले से कहा । "बेटा स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है । अब तो कल ही मिल पाएगी ।" "लेकिन इसने पैन में जो स्याही बची थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया " बेला बोली । " बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए " - दूकानवाले भैया ने कहा ।

1. सही विकल्प चुनकर लिखे । 1
   (क) वह + ने = इसने (ख) वे + ने = इसने
   (ग) यह + ने = इसने (घ) ये + ने = इसने
2. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए" -इसका मतलब क्या है ? 2
3. कहानी के इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें । 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का यह अंश पढ़ें और 4 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

"व्यक्ति को मैं नहीं जानता था , हताशा को जानता था " कहते ही वे "जानने" की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ी को तोड़ देते है जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने से जोड़ती है ।

4. 'जानने' की जानी पहचानी रूढ़ी क्या है ? 2
5. सही विकल्प चुनकर लिखें ।
   (क) कवि व्यक्ति से पहले से ही परिचित था ।
   (ख) कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था ।
   (ग) कवि व्यक्ति को नाम से जानता था ।
   (घ) व्यक्ति कवि का परिचित था । 1

सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

क्या जाने ; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

6.विशेषण शब्द कौन-सा है ?
   दुरूह चक्रव्यूह 1

7.संबंध पहचानकर सही मिलान करें । 3

टूटा पहिया	अधर्म का विरोधी
चक्रव्यूह	लघुमानव
अभिमन्यु	समस्याएं

सूचना : 'आई एम कलाम' के बहाने फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मुझे मोरपाल से मिलने से पहले कतई अंदाज़ा नहीं था कि मेरे लिए राजमा जैसी सामान्य-सी चीज़ किसी केलिए इतनी खास हो सकती है । मोरपाल ने मेरे टिफ़िन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था ।

8. राजमा किस के लिए सामान्य-सी चीज़ थी ? 1
9. मोरपाल ने मिहिर से मिलने से पहले राजमा खाया नहीं था । क्यों ? 1
10.पहली बार राजमा खाने का अनुभव मोरपाल ने अपनी डायरी में कैसे लिखा होगा ? मोरपाल की **डायरी** कल्पना करके लिखें । 4